हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

13 सेशन जज-डीसी ने कोर्ट कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा ...



14 किसान विरोधी नीतियों के विरोध में गरजे किसान



**खबर संक्षेप**



## मारपीट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना लोहारू पुलिस ने एक मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शिकायतकर्ता सुरेश, निवासी गांव सुखदेव सिंह का बास द्वारा थाना लोहारू में दी गई शिकायत के अनुसार 29 जनवरी को दोपहर के समय वह मोटरसाइकिल पर गांव भावठड़ी (राजस्थान) से अपने घर लौट रहा था। जब वह ढाणी रहीमपुर में सरकारी स्कूल के पास चौक पर पहुंचा, तो वहां पहले से खड़े आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर लाठी-डंडों व लोहे की पाइपों से हमला कर दिया। उक्त शिकायत पर थाना लोहारू में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें पंकज निवासी ढाणी रहीमपुर, मनीष निवासी ढाणी रहीमपुर, रविंद्र निवासी ढाणी रहीमपुर व अंकित निवासी ढाणी रहीमपुर के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से दो लोहे की पाइप व दो डंडे बरामद किए गए हैं।

# पौने चार करोड़ की लागत से बनेंगी शहर के हुडा कॉम्प्लेक्स में पार्किंग

## छोटे-बड़े सात सौ वाहनों के खड़े होने की हो जाएगी व्यवस्था

टेंडर प्रक्रिया पूरी, अगले माह तक कार्य शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब शहर के लोगों को सरकारी दफ्तरों व पार्कों के आगे वाहन खड़े करने की समस्या से छुटकारा मिलने वाला है। हुडा (एचएसवीपी) अपने कॉम्प्लेक्स व उन द्वारा तैयार किए गए भवन व पार्कों के आगे नई व पुरानी पार्किंग को रिपेयर करने जा रहा है। इस कार्य के लिए हुडा ने करीब पौने चार करोड़ रुपये की राशि का बजट तय किया है। हालांकि उक्त कार्यो के लिए बजट का टेंडर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है,लेकिन निर्माण कार्य मार्च तक शुरू होने की उम्मीद है। शुरुआती दौर में हुडा बासिया भवन से लेकर चिड़ियाघर तक अपने भवन, पार्क व ग्रीन बेल्टों का सुधारीकरण करने जा रहा है। हुडा के इन जगहों पर निर्माण कार्य पूरा करवाए जाने के बाद शहर की स्वच्छता को पंख लग जाएंगे। इन जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था व रिपेयर करवाए जाने को लेकर वार्ड संख्या दो के पार्षद संदीप यादव व वार्ड संख्या 17 के पार्षद सुभाष तंवर ने कई बार हिसार स्थित कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा, कई बार शिकायतें की तो उनको अब जाकर पार्किंग की रिपेयर व नई बनवाने में कामयाबी मिल पाई है।

बताया जाता है कि हुडा विभाग ने अनाजमंडी के पास स्थित मंडी टाऊनशिप में भी पार्किंग की व्यवस्था करने जा रही है। यह क्षेत्र वार्ड संख्या 17 के अंतर्गत आता है। यहां पर वाहन चालकों को वाहनों को खड़े करने में अनेक तरह की समस्याएं झेलनी पड़ती है। इस क्षेत्र में हुडा पार्किंग पर करीब एक करोड़ 57 लाख रुपये की राशि खर्च करेगा। उसके बाद यहां पर वाहनों के पार्क करने की समस्या से पूरी तरह से छुटकारा मिल जाएगा।



**भिवानी।** वह जगह जहां पर पार्किंग बनवाई जानी है, उसी को दिखाते कुछ लोग। फोटो : हरिभूमि

### शहर में तीन-चार जगहों पर पार्किंग सुविधा मिलेगी

एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शहर में तीन से चार जगहों पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कुछ पुरानी पार्किंग की रिपेयर होगी तो एक जगह नई पार्किंग तैयार करवाई जाएगी। इन पर करीब पौने चार करोड़ रुपये की लागत आएगी। जल्द ही इनके निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त पार्किंगों में छोटे व बड़े करीब 600 से 700 वाहन खड़े हो सकेंगे।

### सवा दो करोड़ रुपये में पार्किंग की होगी रिपेयर

बताया जा रहा है कि हुडा ने हुडा पार्क के पश्चिमी छोर की तरफ की पार्किंग की रिपेयर करवाने जा रहा है। उक्त इलाके में पार्किंग रिपेयर तारकोल व रोड़ियों से करवाई जाएगी। ताकि कई दिनों तक पार्किंग बनी रहे और वाहनों को आराम से खड़ा किया जा सके। इसी तरह हुडा कार्यालय के आगे बने कम्पलेक्स के आगे की पार्किंग भी पूरी तरह से डैमेज है। इस पार्किंग पर ब्लॉक लगाए जाएंगे। ताकि उक्त इलाके में स्थित सरकारी कार्यालय में विभिन्न कार्यो से आने वाले लोग अपने वाहनों को खड़ा करके अपने सरकारी कार्य निपटा सके। इन दोनों जगहों पर बनने वाली पार्किंग पर करीब दो करोड़ दस लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इन जगहों पर पार्किंग बनने के बाद वाहन चालकों को सड़क किनाने वाहन नहीं खड़े करने पड़ेंगे और उनकी पार्किंग की समस्या खतम हो जाएगी।

**समाधान शिविर में लगाई शिकायत**

# नायब तहसीलदारों पर रिश्वत के आरोप

- भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा का सपना पूरा करने को उच्चाधिकारियों पर नकेल कसना जरूरी : मान
- प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में संलिप्त 108 अधिकारियों को चार्जशीट करने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा के राजस्व विभाग में जड़ें जमा चुके भ्रष्टाचार के खिलाफ अब चौतरफा मोर्चा खुल गया है, प्रदेश सरकार जहां भ्रष्टाचार में संलिप्त 108 अधिकारियों को चार्जशीट करने की तैयारी में है, वहीं जमीन स्तर पर जनप्रतिनिधि सीधे अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने समाधान शिविर के माध्यम से प्रशासन और सरकार को पत्र लिखकर राजस्व विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़े सवाल उठाए हैं।

पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान द्वारा दी शिकायत में बेहद चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मान का आरोप है कि भिवानी जिले में नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी गरीब किसानों से इंतकाल और खेवटों की तकसीम के नाम पर 50 हजार रुपये से एक लाख रुपये तक की रिश्वत वसूल रहे हैं। मान ने कहा कि पटवारी और कानूनगो को तो तय फीस मिलती है, लेकिन नायब तहसीलदार सगे भाइयों के खाते अलग करने जैसी बुनियादी प्रक्रिया के लिए भी भारी-भरकम राशि की मांग करते हैं। यह कड़वी सच्चाई है कि गरीब किसान दफ्तरों और अदालतों के चक्कर काट-काटकर टूट चुका है। ईश्वर मान ने पत्र के माध्यम से सरकार से मांग की कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को तुरंत भिवानी जिले से बाहर किया जाए। इन अधिकारियों का वेतन लगभग एक लाख रुपये महीना है, जो खर्च भी नहीं हो पाता, फिर भी वे गरीब किसानों का खून चूसने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने किसानों की अन्य समस्याओं जैसे नकली खाद-बीज और मंडियों में गेहूं के खराब होने का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठाया है।



**भिवानी।** समाधान शिविर में शिकायत देते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान।

# कोर्ट परिसर के बाहर फायरिंग मामले में दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- जितेंद्र के कब्जे से एक अवैध हथियार भी मौके से बरामद किया

थाना सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट परिसर के बाहर फायरिंग की गंभीर वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ द्वितीय भिवानी के इंचार्ज उप-निरीक्षक विशेष कुमार को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अरविंद नामक युवक किसी कार्य से कोर्ट परिसर आया हुआ था, जहां कैंटीन के पास कुछ युवकों ने उस पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई।

सर्चिंग के दौरान आरोपी जितेंद्र व जीतू ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में जितेंद्र के पैर में गोली लगी, जबकि एक अन्य आरोपी श्रीपाल को मौके पर ही काबू कर लिया गया। मामले में थाना सिविल लाइन भिवानी में अभियोग दर्ज किया गया।

थाना सिविल लाइन भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी सेक्टर-13 के इंचार्ज एएसआई विजय कुमार की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान जितेंद्र निवासी ब्रह्मा कॉलोनी, भिवानी, तथा श्रीपाल निवासी दिनोद गेट हाल डाबर कॉलोनी, भिवानी के रूप में हुई है। आरोपी जितेंद्र के कब्जे से एक अवैध हथियार भी मौके से बरामद किया गया था।

# पूर्व सैनिक धर्मपाल को किया सम्मानित

## खेलों में अब तक जीत चुके हैं 200 से अधिक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- कार्यक्रम में शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लेकर धर्मपाल शर्मा का उत्साह बढ़ाया

भिवानी के पूर्व सैनिक मास्टर धर्मपाल शर्मा 70 वर्ष की आयु में अपनी दौड़ और पदकों की सेंचुरी से युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। बता दें कि धर्मपाल शर्मा ने अब तक राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक मेडल अपने नाम किए हैं। उनकी उपलब्धियों की सूची में केवल मेडल ही नहीं, बल्कि तीन हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) को सफलतापूर्वक पूरा करने का गौरव भी शामिल है।

वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की दौड़ प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेते रहे हैं। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जहां इस उम्र में लोग चलने-फिरने के लिए चारपाई का सहारा लेते हैं, वहीं धर्मपाल का मैदान पर दौड़ना गौरव का विषय है। उनकी ऊर्जा का श्रेय उनके पूर्व सैनिक होने के नाते अनुशासित जीवनशैली और प्रतिदिन के कड़े अभ्यास को दिया। उनकी मेहनत एवं लगन को समाज के लिए मिसाल बताया। कार्यक्रम में शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लेकर धर्मपाल शर्मा का उत्साहवर्धन किया, जिनमें नन्दकिशोर अग्रवाल, परमानंद, विमलेश आर्य, केके वर्मा, वेदप्रकाश, रविंद्र वैद प्राचार्य, नमिता मंडल प्रधान आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए ये गर्व का विषय है कि धर्मपाल इस आयु में भी देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, उनकी फिटनेस एवं मेहनत आज की युवा पीढ़ी के लिए सीख है।

# गांव काकड़ौली के पास हादसा एसडीओ सहित तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

जुई बाढ़ड़ा मुख्य सड़कमार्ग पर गांव काकड़ौली सरदारा बिजली घर के पास दो गाड़ियों की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जूई सबडिवीजन में कार्यरत एसडीओ प्रेम सिंह अपने निवास स्थान बाढड़ा से जूई स्थित कार्यालय के लिए रवाना हो रहे थे। रास्ते में काकड़ौली सरदारा के पास अचानक वैगनआर कार का संतुलन बिगड़ गया और उसने एसडीओ प्रेम सिंह की कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एसडीओ प्रेम सिंह के सिर और पैर में गहरी चोटें आई हैं। वहां से गुजर रहे इनेलो नेता विजय पंचगावां आदि ने घायलों को तत्काल गाड़ी से बाहर निकाला तथा उनको प्राथमिक उपचार किया। दुर्घटना में शामिल वाहन सीएनजी से चलने वाली गाड़ी थी जिससे रिसाव शुरु हो गया लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उसको दुरुस्त किया जिससे गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का विस्फोट या बड़ा जानलेवा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें गोपी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी पहुंचाया। उन्हें आगे के इलाज के लिए वेदांता हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।



## सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से बनेगा सुरक्षित डिजिटल समाज: सीजेएम

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-कम-सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी पवन कुमार की अध्यक्षता में सेफर इंटरनेट दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- सेफर इंटरनेट दिवस पर राजकीय कन्या वमावि में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम का उद्देश्य डिजीटल युग में इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं कानूनसम्मत उपयोग के प्रति छात्राओं एवं आम नागरिकों को जागरूक करना रहा। स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम साथ ही बच्चों द्वारा साइबर पर लघु नाटिका भी पेश किए। कार्यक्रम में साइबर सेल से विष्णु ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेते हुए सेफर इंटरनेट के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट आज शिक्षा, सूचना, बैंकिंग, संचार और मनोरंजन का सशक्त माध्यम बन चुका है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। ऐसे में जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि डिजीटल युग में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

# एसपी ने 16 पुलिस कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने अपने सराहनीय कार्यों से कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों के सफल निवारण में महत्वपूर्ण योगदान देने, उत्कृष्ट सेवा तथा सामुदायिक सुरक्षा में योगदान के लिए 16 पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया।सम्मानित कर्मचारियों में उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल तथा सिपाही शामिल थे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन उत्कृष्ट रूप से किया है। यह सम्मान न केवल इन अधिकारियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और पेशेवर दक्षता का प्रतीक है, बल्कि समाज की सुरक्षा के प्रति जिला पुलिस की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इनके प्रयासों से जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और बहादुरी ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यह सम्मान केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का नहीं, बल्कि उस टीम भावना का प्रतीक है जो हर रोज समुदाय की सुरक्षा के लिए काम करती है। उन्होंने आगे कहा कि आगे भी ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए क्षमता को और मजबूत किया जाएगा।



### इन्हें किया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक ने एसआई राजेश, एसआई मनील कुमार, एसआई परमवीर, एएसआई रविन्द्र, एएसआई संदीप, एएसआई विनोद, एचआई योगेश, एचसी रोहित, इएचसी अनदीप , सिपाही जगबीर, सिपाही रोहित, सिपाही विरेन्द्र, इएएसआई रोहतास, इएचसी धूपसिंह, सिपाही प्रतीक व जयदीप को सम्मानित किया गया।

## मास्टर संदीप व पूजा ने शादी की वर्षगांठ पर लगाए पौधे

**भिवानी।** इन दिनों झुप्पाकलां पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मुहिम के लिए चर्चा में है, यहां ग्रामीण अपने जीवन के विशेष अवसरों को प्रकृति के नाम समर्पित कर पर्यावरण बचा रहे हैं। इसी कड़ी में मास्टर संदीप नेहरा और उनकी धर्मपत्नी पूजा ने शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पौधरोपण कर खुशियां बांटी। मास्टर संदीप व पूजा ने फिजूलखर्ची की बजाय फलदार चीकू का पौधा और पूजनीय त्रिवेणी का रोपण किया। परिवार ने मिलकर पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। मुख्य रूप से सहायक उपनिरीक्षक कांता रानी, रामसिंह नेहरा, आदित्य नेहरा, हर्ष नेहरा, पूजा आदि उपस्थित रहे। हवलदार लोकराम नेहरा लंबे समय से क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और लोगों को प्रकृति से जोड़ने का काम कर रहे हैं। दपति ने कहा कि शादी की वर्षगांठ जैसे व्यक्तिगत अवसर तभी सार्थक होते हैं जब हम समाज या प्रकृति को कुछ वापस दें।

**चैंपियनशिप में नॉर्थ जोन के सात राज्यों के विश्वविद्यालयों की 19 फुटबॉल टीमें दिखाएंगी दमखम**

# पंजाब यूनिवर्सिटी ने हिमाचल को 8-0 से दी पटकनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- सीबीएलयू द्वारा फुटबॉल क्लब अलखपुरा में नॉर्थ जोन अंतर विवि. महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने किया शुभारंभ

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा फुटबॉल क्लब अलखपुरा में 09 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने किया।

इस चैंपियनशिप में सात राज्यों से विश्वविद्यालयों की 19 फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन खेलों में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी हिमाचल को 8-0 से हराया। वहीं दूसरी ओर कुमाऊं विवि. नैनीताल ने हिमाचल यूनिवर्सिटी शिमला को 3-0 से पटकनी दे दी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं: धर्माणी

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जरूरत है तो इन्हें बेहतर प्रशिक्षण एवं उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने की। भारत सरकार की चलो गांव की ओर पहल के अंतर्गत ही राष्ट्रीय स्तर की इस चैंपियनशिप का आयोजन अलखपुरा गांव में किया गया है। हमारे लिए यह बड़े हर्ष एवं गर्व की बात है कि अलखपुरा गांव ने स्पोर्ट्स की अलख राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जगाई है। हमें हमारी बेटियों पर पूर्णतया गर्व है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल हमारा मुख्य खेल है। हमारी बेटियों ने इस खेल को अपनाकर और अपनी प्रतिभा का परचम लहरा कर पुरुषवादी सोच को तोड़ा है। गांव में इस बड़ी चैंपियनशिप का आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने खिलाड़ी बेटियों से खेल को अनुशासन एवं पूर्ण जोश के साथ खेलने का आह्वान किया। उन्होंने इस चैंपियनशिप की प्रतिभागी बेटियों से इस दौरान एक दिन विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया।



**भिवानी।** मैच शुरू करवाने से पहले टीमों के साथ प्रो. दीप्ति धर्माणी। फोटो : हरिभूमि




### अलखपुरा की बेटियों ने किया नाम रोशन

चैम्पियनशिप में बतौर मख्यातिथि विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने शिरकत की। विधायक ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे हरियाणा एवं अलखपुरा की बेटियों ने खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस बड़ी चैंपियनशिप के आयोजन के लिए ऐतिहासिक गांव अलखपुरा एवं विश्वविधालय प्रशासन को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि गांव में खेल स्टेडियम और गांव के विकास के अन्य जरूरी मांगों के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर पूरा कराएंगे। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक ने विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी सहित सभी अतिथियों,ग्रामीणों खेल प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने बेहतर व्यवस्था एवं पूर्ण सहयोग के लिए ग्रामीणों की सराहना की।



वैलेंटाइन-डे विशेष

वैलेंटाइन-डे पर जब प्रेम की बात होती है, तो इसके मायने प्रायः रोमांस तक सीमित रह जाते हैं। जबकि प्रेम के बहुत व्यापक अर्थ हैं, रुमानी जज्बातों से बहुत ऊपर। विशेष तौर पर स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत उदात्त हैं। इसमें स्त्री का अवदान अमूल्य है, अनुपम है। स्त्री के संदर्भ में प्रेम के मायने शाश्वत हैं।

# स्त्री के लिए प्रेम के मायने


आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जब प्रेम, शब्दों से पहले व्यवहार बन जाए, जब वह कहने से ज्यादा करने में दिखे, तब वहां स्त्री मन उपस्थित होता है। स्त्री का प्रेम कोई क्षणिक भाव नहीं होता, वह एक निरंतर चलने वाली कोमल प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य, समर्पण, समझ और सहनशीलता एक साथ ध्वनित होती है। स्त्री मन प्रेम को मां की ममता में जीता है, पत्नी की जिम्मेदारी निभाता है और बहू के रूप में संतुलन बनाकर चलता है। स्त्री का प्रेम केवल पाने की इच्छा नहीं रखता, बल्कि देने की क्षमता से भरा होता है। वह प्रेम को शर्तों में नहीं बांधती, बल्कि परिस्थितियों के साथ ढाल लेती है। एक स्त्री जब प्रेम करती है, तो वह सामने वाले के स्वभाव को समझने का प्रयास करती है। वह उसकी चुप्पी भी पढ़ लेती है, उसके गुस्से के पीछे की वजह को पहचान लेती है। स्त्री मन का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं होता, वह व्यावहारिक भी होता है। वह जानती है कि कब बोलना है, कब चुप रह जाना ही प्रेम को बचा सकता है।

**प्रेम में त्याग करती है स्त्रीः** घर के भीतर हो या काम-काज में, स्त्री का प्रेम सबसे अधिक दिखाई देता है। सुबह की पहली चिंता से लेकर रात की आखिरी तैयारी तक, प्रत्येक काम में उसका प्रेम घुला-मिला होता है। वह भोजन बनाते समय यह सोचती है कि किसे क्या पसंद है, किसे क्या नहीं? वह बीमार सदस्य की नींद का ख्याल रखती है। बच्चों के डर को अपनी हिम्मत से निडर बनाने का प्रयत्न करती है। स्त्री मन का प्रेम त्याग से जुड़ा होता है फिर भी त्याग बोझ नहीं बनता। स्त्री इसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लेती है।

**प्रेम को सहज बनाती है स्त्रीः** कई बार स्त्री अपनी इच्छाओं को पीछे रख देती है, क्योंकि उसके लिए प्रियजनों की खुशी अधिक महत्वपूर्ण होती है। वह यह नहीं जताती कि उसने क्या छोड़ा, क्योंकि उसका प्रेम दिखावे का नहीं होता। समाज अकसर स्त्री के प्रेम को उसका कर्तव्य कहकर सीमित कर देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्त्री प्रेम को चुनती है। वह हर दिन दूसरे की खुशी चुनती है, समझना, सहना, संभालना और जीवन में प्रवाहित रहना। यह चयन आसान नहीं होता, फिर भी स्त्री इसे सहज बना लेती है।



**स्त्री का प्रेम रिश्तों को जोड़ता हैः** स्त्री मन का प्रेम रिश्तों को जोड़ने का काम भी करता है। टूटते संवाद, बिगड़ते संबंध, अनकहे मतभेद, इन सबके बीच वह सेतु बनती है। वह जानती है कि हर रिश्ते में जीतना जरूरी नहीं, कई बार रिश्तों को निभाना ज्यादा जरूरी होता है।

**स्त्री देती है प्रेम को नया अर्थः** प्रेम में स्त्री की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है। वह भावनाओं को हल्के में नहीं लेती। किसी के शब्दों का असर, किसी की चुप्पी का कारण, वह सब महसूस करती है। यही संवेदनशीलता उसे मजबूत बनाती है, कमजोर नहीं। हालांकि स्त्री मन का प्रेम अकसर परीक्षा में डाला जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में समझे, हर परिस्थिति में समायोजन करे। उसकी सहनशीलता को उसकी सीमा समझ लिया जाता है, लेकिन स्त्री का प्रेम असीम नहीं होता। उसे भी सम्मान, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। जब स्त्री मन को प्रेम के बदले प्रेम मिलता है, तो वह और निखर जाता है। जब उसकी भावनाओं को सुना जाता है, उसकी थकान को पहचाना जाता है, तो वह और अधिक देने में सक्षम होती है। स्त्री का प्रेम तब खिलता है, जब उसे केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा जाता है। मां के रूप में स्त्री, प्रेम को सुरक्षा में बदल देती है। वह बच्चों के लिए ढाल बन जाती है। पत्नी के रूप में वह प्रेम को साझेदारी बनाती है। और बेटी के रूप में वह प्रेम को विश्वास से जोड़ती है।

**स्त्री के लिए प्रेम का अर्थ बहुत व्यापक हैः** स्त्री मन प्रेम में पूर्णता नहीं ढूंढ़ता, वह संतुलन ढूंढ़ता है। वह जानती है कि हर इंसान अपूर्ण है, फिर भी वह उसे स्वीकार करना सीखती है। यही स्वीकार्यता उसके प्रेम को गहराई देती है। आज के समय में जब रिश्ते जल्दी टूट जाते हैं, स्त्री मन का प्रेम उन्हें थामे रखने का प्रयास करता है। वह संवाद बनाए रखने की कोशिश करती है, समझौते को हार नहीं मानती। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, साथ चलना, चाहे रास्ता कठिन क्यों न हो। लेकिन यह भी जरूरी है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल अवदान के रूप में न देखा जाए, बल्कि एक साझेदारी के रूप में समझा जाए। जब प्रेम एकतरफा होता है, तब वह प्रेम कम, बोझ ज्यादा बन जाता है, तब वह मन को थकाने लगता है। स्त्री का प्रेम तब सबसे सुंदर होता है, जब उसे लौटकर भी उतनी ही संवेदना मिले।

**निरंतर निभाए जाने वाला उत्तरदायित्वः** यह समझना आवश्यक है कि स्त्री मन का प्रेम केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक निरंतर निभाया जाने वाला उत्तरदायित्व है। वह प्रेम को शब्दों में नहीं तौलती, बल्कि उसे जीवन के हर छोटे-बड़े क्षण में जीती है। उसकी उपस्थिति से रिश्तों में स्थिरता आती है। घर में संतुलन बना रहता है और जीवन की कठिनाइयां कुछ आसान लगने लगती हैं। स्त्री मन प्रेम में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह स्वयं को भूल जाना चाहती है। स्त्री भी चाहती है कि उसके भावों को समझा जाए, उसकी चुप्पी को सुना जाए और उसकी थकान को पहचाना जाए।

**प्रेम में स्त्री का अमूल्य योगदानः** प्रेम के अवदान में स्त्री मन का योगदान अमूल्य होता है। वह प्रेम को जीती है, निभाती है और सहेजती है। वह प्रेम को केवल महसूस नहीं करती, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी में उतारती है। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, लेकिन उसकी उपस्थिति से जीवन में स्थिरता आती है। वह बिना कहे बहुत कुछ दे जाता है, और यही उसका सबसे बड़ा अवदान है, प्रेम को जीवन का आधार बना देना।



## जीवन को मानवीय बनाता है प्रेम

आज आवश्यकता इस बात की है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल त्याग की कसौटी पर न परखा जाए। उसे साझेदारी, संवाद और समान भावनात्मक सहयोग की जरूरत है। प्रेम तब ही पूर्ण होता है, जब वह एकतरफा नहीं, बल्कि दो मनों की साझा यात्रा बन जाए। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, वह दिखावा नहीं करता। वह चुपचाप जीवन को थामे रखता है। वही प्रेम रिश्तों को टूटने से बचाता है, वही प्रेम जीवन को मानवीय बनाता है। और यही स्त्री मन का सबसे बड़ा अवदान है कि वह प्रेम को जीने की कला सिखाता है, बिना शर्त, बिना अपेक्षा, बस पूरी आत्मीयता के साथ।

# आप भी जरूर मनाएं प्रेम का यह उत्सव

अधिकांश मैरीड कपल्स मानते हैं कि वैलेंटाइन-डे का क्रेज शादी से पहले तक ही रहता है। जबकि आपसी जुड़ाव में प्रगाढ़ता लाने के लिए प्रेम का यह उत्सव हर दंपति को भी जरूर मनाना चाहिए।

दांपत्य

पूर्ति खरे



फरवरी माह की 14 तारीख यानी वैलेंटाइन-डे केवल लविंग कपल्स के लिए ही नहीं, पति-पत्नी के लिए भी किसी पर्व से कम नहीं है। वास्तव में पति-पत्नी का रिश्ता गहरा, मजबूत और जीवन भर का बंधन होता है, जो प्रेम, विश्वास और आपसी समझ पर ही आधारित होता है। यह रिश्ता न केवल दो लोगों को जोड़ता है, बल्कि दो परिवारों को भी एक साथ लाता है। इसलिए इस खास दिन आप अपने प्यार और विश्वास को एक-दूसरे के प्रति व्यक्त कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

**रोमांटिक डिनरः** पति-पत्नी इस अवसर पर एक साथ रोमांटिक डिनर का आनंद ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जा सकते हैं या घर पर ही रोमांटिक डिनर अरेंज कर सकते हैं।



**लवली ट्रिपः** वैलेंटाइन-डे को स्पेशल बनाने के लिए कहीं बाहर ऐसी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां बस आप दोनों हों। इसके लिए किसी सुंदर नेचुरल प्लेस को चुनें, जैसे कि समुद्र तट, हिल स्टेशन या नेशनल पार्क या ऐसी ही कोई जगह। रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से दूर एक-दूजे के साथ बिताया गया यह समय न केवल प्यारा अहसास देगा, आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।

**मूवी नाइटः** पति-पत्नी प्यार के इस खास अवसर पर एक साथ मूवी नाइट का आनंद ले सकते हैं। आप अपनी कोई पसंदीदा मूवी अपने लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं। साथ में बैठकर पॉपकॉर्न का आनंद लेते हुए फिल्म देखना आपको बहुत खुशी देगा। निश्चित तौर पर साथ बिताया यह समय आपके रिश्ते को एक नई उमंग से भर देगा।

**म्यूजिक कॉन्सर्टः** किसी म्यूजिक कॉन्सर्ट में जाकर पति-पत्नी एक साथ इस खास दिन संगीत का आनंद ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने घर पर ही अपने पसंदीदा रोमांटिक गीतों को सुन सकते हैं और साथ में डांस भी कर सकते हैं। यकीन मानिए प्रेम भाव से भरे हुए गाने आप दोनों के भीतर प्यार का नया अहसास भर देंगे।

**इनका भी रखें ध्यानः** आप वैलेंटाइन-डे के अवसर पर यहां बताए गए आइडियाज पर तो अमल करें ही साथ ही कुछ और बातों का भी हमेशा यानी हर रोज ध्यान रखें तो आपका प्यार कभी कमजोर नहीं होगा।

- पति-पत्नी को हर रोज एक-दूसरे को कुछ समय जरूर देना चाहिए। आप एक-दूसरे के साथ समय बिताने के दौरान अपने विचारों और मन की बातों को साझा कर सकते हैं।
- आत्मीय बातचीत के दौरान पति-पत्नी को केवल अपनी बात कहनी ही नहीं चाहिए पार्टनर की बात सुननी भी चाहिए। आप एक-दूसरे की समस्याओं को न केवल ध्यान से सुनें, उसका समाधान निकालने का भी प्रयास जरूर करें।
- एक-दूसरे को अगर आप प्यार करते हैं तो अपने जज्बात बयां करने से भी नहीं नहीं झिझकें। अपनी भावनाएं बयां करने से प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- पति-पत्नी को एक-दूसरे का साथ हर जगह देना चाहिए। एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने की भी हर संभव कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों में गलतियां सभी से होती रहती हैं। ऐसे में पति-पत्नी को एक-दूसरे को माफ करना भी आना चाहिए। इससे अपने जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान बढ़ता है। इसलिए एक-दूसरे की छोटी-छोटी कमियों को नजरअंदाज करें और प्यार के इस रिश्ते को प्रगाढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें।

भले ही आज सोशल मीडिया और इंटरनेट के दौर में दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति से रिलेशन बनाना ईजी हो गया है, लेकिन नई पीढ़ी का एक वर्ग अपने आस-पास के व्यक्ति से ही डेटिंग-लव रिलेशन को इंपॉर्टेंस देने लगा है। इस जिप-कोड डेटिंग के कई फायदे हैं तो कुछ कमियां भी हैं। इनके बारे में आप भी जानें।

# न्यू जेनरेशन को भा रहा जिप-कोड डेटिंग ट्रेंड

न्यू ट्रेंड

दीपिका शर्मा



आज के तेज रफ्तार वाले डिजिटल दौर में, जहां हम दुनिया भर के लोगों से सेकेंडों में कनेक्ट हो सकते हैं, वहीं प्यार की दिशा थोड़ी विपरीत दिशा में घूमती दिख रही है। आज की युवा पीढ़ी लंबी दूरी के रोमांस की जगह अपने आस-पड़ोस में ही साथी खोजने को तरजीह दे रही है। इसे ही कहा जा रहा है जिप-कोड डेटिंग यानी मोहब्बत की तलाश अब चैट एप्स पर नहीं, बल्कि अपने आस-पास के गली, मोहल्ले और पोस्टल कोड की सीमाओं में हो रही है। रिश्तों की यह वापसी पुराने स्कूल-डेज वाली फीलिंग देती है, जहां मोहब्बत रोज मिलने की मुस्कान और बार-बार दिखने वाले चेहरे से पनपती थी।

**निकटता बनाती है आकर्षकः** जिप-कोड ट्रेंड की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह सुविधा और कनेक्शन दोनों का सुंदर मिश्रण है। पहले लोग प्रेम-पत्र लिखकर महीनों तक जवाब का इंतजार करते थे, आज रिप्लाई मिनटों में मिलता है और मिलने का प्लान तो कुछ कदम चलकर भी पूरा हो सकता है। यही निकटता इसे और भी आकर्षक बनाती है। रोज चलते हुए वही चेहरा नजर आना, बस स्टैंड पर एक ही बस का इंतजार करना, सब्जी मंडी में अनजाने में टकराना, ये छोटे-छोटे क्षण दिल में पहचान और फिर विश्वास का बीज बो देते हैं। यही पहचान धीरे-धीरे अपनापन बनाती है। कभी-कभी यह रिश्ता गहरे संग-साथ यानी साथ निभाने वाले संबंध में बदल जाता है।



**इस नए ट्रेंड के फायदेः** जिप-कोड ट्रेंड का सबसे पहला फायदा तो यही है कि पास रहना मतलब आसान पहुंच। न लंबी दूरी, न समय की बाधा, जब चाहें मिल सकें, बातचीत हो सके। इससे कम्युनिकेशन सहज रहता है और गलतफहमी कम होने की संभावना रहती है।

दूसरा लाभ, खर्च और मेहनत दोनों बचते हैं। दूर रहने वाले रिश्तों में समय और पैसे दोनों अधिक लगते हैं, जबकि जिप-कोड डेटिंग में यही संसाधन क्वालिटी टाइम में बदले जा सकते हैं। तीसरा फायदा यह है कि साझा परिवेश, रिश्ते को एक मजबूत नींव देता है। समान इलाके, समान भाषा, समान जीवनशैली यह कंपैटेबिलिटी को बढ़ाती है। परिवार के लोग भी ऐसे रिश्तों को जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, क्योंकि सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में फर्क कम होता है। साथ ही पास रहने से सुरक्षा और कंफर्ट जोन दोनों बढ़ते हैं। जिप-कोड का ट्रेंड केवल पढ़ने-सुनने में ही अच्छा नहीं लगता है बल्कि लॉजिकल भी लगता है। दरअसल, आप उनके साथ आसानी से जुड़ सकते हैं, जो आपके जैसी लाइफस्टाइल जीते हैं।

**होते हैं कुछ रिस्क भीः** जिप-कोड रिलेशन में जहां आपसी दूरी कम होती है तो वहां पर्सनल स्पेस भी कम हो सकता है। पड़ोसियों की नजरें, समाज की बातें, प्राइवेसी में सेंध, ये सब इस रिश्ते के पनपने की राह में सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। रिश्ता निभ गया तो पूरा इलाका खुश, पर अगर खटास आई तो रोज सामना होना ही भारी लग सकता है। साथ ही, चुनाव का दायरा सीमित होना भी एक कमी है। हम वही चुनते हैं, जो आस-पास विकल्प में हो, न कि वह जो व्यक्तित्व या अहमियत से ज्यादा मेल खाए। यानी, सिर्फ दिल मिलना नहीं, एक-दूसरे के बीच की दूरी भी मायने रखती है। यह आपकी लेजीनेस पर्सनालिटी को भी दर्शाता है। साथ ही यह भी साबित करता है कि रिस्क लेने की क्षमता का आपमें अभाव है। आप चैलेंज लेने से डरते हैं, क्योंकि आपको लगता है कि किसी दूसरे को समझने में, जानने में और ढूंढ़ने में समय लगेगा, इसलिए अपने आस-पास जो है, उसी से काम चलाओ। यानी, जिप कोड एटिट्यूड जितना सरल लगता है, लंबी अवधि में उतने ही नेगेटिव इंपैक्ट भी दिखता है।

# दमकेगा आपका ऐसा रूप पार्टनर हो जाएंगे फिदा

मेकअप

निधि गोयल

वैलेंटाइन-डे के खास मौके पर आप जरूर चाहेंगी कि आपका लुक स्पेशल नजर आए, आपके पार्टनर आप पर फिदा हो जाएं तो इसके लिए आपको यहां बताए जा रहे मेकअप के स्टेप्स फॉलो करने होंगे। इससे आपका मेकअप अट्रैक्टिव के साथ ग्लोइंग भी नजर आएगा। आइए जानते हैं, आप किस तरह अपने मेकअप को परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

**स्किन को करें क्लीनः** सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी स्किन को अच्छे फेसवॉश से क्लीन करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहे क्योंकि स्किन का सॉफ्ट और हाइड्रेट रहना भी बेहद आवश्यक है। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिका रहेगा और स्किन स्मूद और क्लीन नजर आएगी।

**फाउंडेशन का करें यूजः** क्लीनिंग के बाद आपको अपनी स्किन टोन से मैच करते हुए फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। फाउंडेशन को स्पंज या ब्रश की सहायता से ब्लेंड करें, जिससे यह स्किन पर अलग से लगा हुआ नजर नहीं आएगा। इससे आपकी स्किन को ग्लोइंग लुक मिलेगा।



**नेचुरल कलर का ब्लशरः** फेस स्किन पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करने के बाद गालों पर ब्लश अप्लाई करें। इसके लिए पिंक और पीच कलर के ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे गालो को नेचुरल लुक मिलेगा और आपका मेकअप भी ग्लोइंग नजर आएगा। ब्लशर में आप क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे स्किन को बेहद ताजगी भरा लुक मिलता है।

**ऐसे करें आइज मेकअपः** आंखों का मेकअप जब भी करें तो ध्यान रखें कि आपको बहुत ज्यादा हैवी मेकअप नहीं करना है क्योंकि दिन में आप किसी पार्टी में या अपने पार्टनर के साथ घूमने जा रही हैं तो थोड़ा सॉफ्ट मेकअप ही अट्रैक्टिव लगता है। इसके लिए आपको आंखों पर लाइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करना सही रहेगा। आंखों पर अपनी ड्रेस से मैच करते हुए शेड का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। साथ ही आईलाइनर को डिफरेंट तरीके से लगा सकती हैं। इसके बाद मस्कारा या काजल का इस्तेमाल भी करें।

**लिक्विड हाइलाइटरः** मेकअप पूरा होने के बाद हाइलाइटर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे स्किन पर ग्लो आता है। हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तो उसे गालों, नाक की हड्डी और माथे पर लगाएं, जिससे आपको नेचुरल ग्लोइंग लुक मिलेगा। परंतु ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा मात्रा में हाइलाइटर नहीं लगाएं।

**होंठों को दें ग्लॉसी लुकः** जब आप मेकअप कंप्लीट कर लेती हैं, तो बारी आती है होंठों को अट्रैक्टिव बनाने की। इसके लिए आप होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल करें, क्योंकि नेचुरल कलर के ग्लॉस ज्यादा अच्छा लुक देते हैं। इन्हें लगाने से आपका पूरा मेकअप निखर जाएगा।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

गिफ्ट के जरिए हम अपने किसी प्रिय को अपनी फीलिंग्स प्रकट करते हैं। बात जब वैलेंटाइन-डे पर गिफ्ट देने की हो तो यह और भी मायने रखता है। इसीलिए हम कुछ यूनीक गिफ्ट आइटम्स के बारे में बता रहे हैं।

# आपके पार्टनर को आएंगे पसंद ये अट्रैक्टिव-यूनीक गिफ्ट्स

सजेशन

मनोज अग्निहोत्री

किसी भी खास अवसर पर हम गिफ्ट देकर अपने प्रिय को स्पेशल फील करा सकते हैं। आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप भी अपने पार्टनर को जरूर कोई प्यारा सा गिफ्ट देना चाहेंगे। गिफ्ट देते समय आपको अपने पार्टनर की पसंद के साथ ही उसके लुक, उसके यूज और उससे जुड़ी अपनी फीलिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसा क्या दिया जाए जो आपके पार्टनर को तो पसंद आए ही उनके लिए उपयोगी भी हो, तो हम आपको ऐसे ही कुछ बेहतरीन और यूनीक गिफ्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से किसी को भी आप अपने प्रियजन को दे सकते हैं और इस वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकते हैं।



**कस्टमाइज ज्वेलरीः** आप अपने पार्टनर को स्पेशल फील करवाने के लिए उनके नाम से कस्टमाइज करवाकर रिस्ट वॉच, इयर रिंग्स, कफलिंग्स, रिंग्स या लॉकेट वाली चेन आदि दे सकते हैं। कम दाम में भी ऐसे गिफ्ट्स मिल जाएंगे।



**फोटो एल्बम या फोटो कोलाजः** साथ बिताए पलों को और अपने पार्टनर के अलग-अलग फोटोज को आप बहुत खूबसूरत से फोटोफ्रेम में कैप्चर करके उन्हें प्रेजेंट कर सकते हैं। इसी तरह आप कई प्यारी सी तस्वीरों का कोलाज भी बनवा कर उनको गिफ्ट कर सकते हैं। यह यूनीक और अनमोल तोहफा आपके पार्टनर को जरूर पसंद आएगा।

**हैंड रिटेन लैटरः** मोबाइल और डिजिटल दुनिया के इस दौर में आप एक खूबसूरत से लैटर पैड पर अपने प्रिय के प्रति अपनी भावनाओं को कविता या पत्र के माध्यम से लिखकर सुंदर से लिफाफे में रखकर गिफ्ट कर सकते हैं। पेन और पेपर से व्यक्त की गईं आपकी भावनाएं आपके पार्टनर को अवश्य पसंद आएंगी। आपकी फीलिंग्स से भरे इन शब्दों को वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

**होम मेड आइटम्सः** आप घर पर ही हार्ट शेप की कुकीज, केक्स, नानखटाई या चॉकलेट्स बनाकर उसे गिफ्ट पेपर में रैप करके भी गिफ्ट कर सकती हैं। बाजार की रेडीमेड वस्तुओं की जगह ये हैंडमेड आइटम्स आपके पार्टनर को आपके प्यार की ऊष्मा का अहसास कराएंगी।

**प्यारे से प्लांट्सः** यदि आपके पार्टनर नेचर लवर हैं, तो आप उनको जेड, एडेनियम, गुलाब, पाम या क्रोटन जैसे पौधों को सुंदर गमले में लगाकर गिफ्ट दे सकते हैं। जो आपके प्यार की ही भांति धीरे-धीरे बढ़ेगा। इन पौधों को जब भी आपका पार्टनर देखेगा, आपको याद किए बिना नहीं रह सकेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्सः** अगर आपके पार्टनर टेक्नोलवर हैं तो उनको आप स्मार्ट वॉच, वायरलेस इयर फोंस, टैब या एयरफ्रायर जैसा होम एप्लाइंस भी गिफ्ट कर सकते हैं। गिफ्ट खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें-

- गिफ्ट खरीदते समय अपने पार्टनर की उम्र और रुचि का अवश्य ध्यान रखें ताकि गिफ्ट उनके लिए उपयोगी रहे।
- पहले अपना बजट निर्धारित करें और उसी के अनुसार गिफ्ट का चयन करें।
- अकसर ऑफलाइन की अपेक्षा ऑनलाइन गिफ्ट आइटम्स में अधिक वैरायटीज और क्वालिटी मिल जाती हैं। आप अपने बजट के अनुसार वहां से भी गिफ्ट खरीद सकते हैं।
- गिफ्ट चाहे छोटे आकार का हो या बड़ा उसे गिफ्ट पेपर में अच्छी तरह रैप करके ही प्रेजेंट करें। इससे गिफ्ट की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### सतेन्द्र मोर के निधन पर नेताओं ने जताया शोक

**भिवानी।** नगर परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन सतेन्द्र मोर के पिता 75 वर्षीय एएसआई मजीत मोर के निधन पर विभिन्न राजनेताओं व गणमान्य व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया तथा भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे दिव्यंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें व परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक जताते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी, कांग्रेस के हिसार ग्रामीण जिलाध्यक्ष ब्रजलाल बहबूलपूरा, एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, कृषि विभाग के अध्यक्ष ईश्वर नैन आदि शामिल थे।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय में व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा, सिविल सर्विसेज की परीक्षा, व्यक्तित्व विकास, स्वयं मूल्यांकन, रोजगार उन्मुख युवाओं को अपने कौशल को विकसित करके अपनी रूचि तथा योग्यता अनुरूप रोजगार क्षेत्र का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला रोजगार अधिकारी कविता ग्रेवाल ने व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह में अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के दौरान ही अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कैसे प्रवेश किया जा सके की विस्तार से जानकारी दी।

### कार्यक्रम में बही भजनों की सरिता, झूमे श्रद्धालु

**लोहारू।** श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल के तत्वावधान में आयोजित 21 सायं सांवरिया के नाम कार्यक्रम की कड़ी में बीती सांय पुराना शहर सौरभ वधवा और शुभम वधवा के आवास पर आयोजित भजन संध्या में रातभर भजनों की सरिता बही तथा भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। बता दें कि पिछले करीब दो दशक से श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल के तत्वावधान में फाल्गुन माह में 21 सांय सांवरिया के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत मंडल सदस्यों द्वारा शहर में 21 दिनों तक भजन संध्या आयोजित की जाती है और गायक कलाकार भजनों के माध्यम से भगवान श्री श्याम और विभिन्न देवी देवताओं की महिमा का भजनों के माध्यम से गुणगान करते हैं।

### गांव धारेडू के पूर्व सरपंच रामकुमार का निधन

**भिवानी।** धारेडू के पूर्व सरपंच रामकुमार टुंडा का 93 वर्ष की आयु में बीते फरवरी को स्वर्गवास हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर शोक जताने रोजाना अनेक गणमान्य लोग शोक जताने उनके निवास स्थान पर पहुंच रहे है। गांव धारेडू के वर्तमान सरपंच बजरंग टुंडा ने कहा कि उनके पिता अभिभावक ही नहीं, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा थे।

## 4 सितंबर 2025 और 3 फरवरी 2026 को हो चुकी हैं गोलीबारी की घटना

# सेशन जज-डीसी ने कोर्ट कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

- परिसर की चारदिवारी को ऊंचा उठाने और अनाधिकृत या गैर जरूरी प्रवेश और निकास द्वारों को बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





**भिवानी।** सचिवालय परिसर का निरीक्षण करते सेशन जज, उपायुक्त व एसएसपी । व सचिवालय परिसर के बाहरी गेट पर अंदर जाने वाले की जांच करती पुलिस।

सेशन जज डीआर चालिया, डीसी साहिल गुप्ता और एसएसपी सुमित कुमार ने भिवानी कोर्ट कॉम्प्लेक्स व लघु सचिवालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर कड़ी सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंधों के बारे में जानकारी ली और जरूरी निर्देश भी दिए।

उल्लेखनीय है कि चार सितंबर 2025 को न्यायिक परिसर और लघु सचिवालय के तहसील परिसर के पास तीन फरवरी 2026 को गोलीबारी की घटना हो चुकी है। इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय न्यायाधीश तथा भिवानी के इंस्पेक्टिंग जज संदीप मुद्गिल ने सात फरवरी को भिवानी न्यायिक परिसर का दौरा किया था तथा गोलीबारी की घटना को बहुत ही गंभीर और संवेदनशील बताते हुए न्यायिक परिसर व लघु सचिवालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने को लेकर पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए थे। माननीय न्यायाधीश मुद्गिल ने परिसर की चारदिवारी को ऊंचा उठाने के साथ-साथ अनाधिकृत या गैर जरूरी प्रवेश और निकास द्वार, रास्तों को तुरंत प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश द्वारों पर नागरिकों की चेकिंग करने व लघु सचिवालय व न्यायिक परिसर के आसपास बैरीगेटिंग लगाने व वाहनों की तलाशी के भी निर्देश दिए थे ताकि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का हथियार लेकर ना जा सके और लोग यहां पर अपने आपको सुरक्षित भी महसूस करें। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण किए जाने व आदेशों के चलते जिला व पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई शुरु की। तहसील की तरफ चारदिवारी को ऊंचा उठाना शुरु किया और अनाधिकृत गेट को बंद करने का काम किया। वहीं इसी तरफ एक आपातकालीन गेट बनाया गया है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में खोला जा सके। वहीं दूसरी ओर लघु सचिवालय परिसर और न्यायिक परिसर के चारों ओर पुलिस द्वारा नाके लगा दिए गए हैं और न्यायिक परिसर में आने के दौरान पुलिस द्वारा मेटल डिटेक्टर द्वारा तलाशी की जा रही है। यहां पर पुलिस की सख्ती देखते ही नजर आ रही है।

#### आमजन की सुरक्षा जरूरी

वहीं डीसी एवं जिलाधीश द्वारा परिसर के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 भी लागू करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं, जिसमें इस दायरे में बिना किसी कार्य के संदिग्द रूप से इधर-उधर घूमना, पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, धरना-प्रदर्शन, शस्त्र आदि पर प्रतिबंद लगाया गया है। प्रवर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। डीसी गुप्ता ने कहा कि आमजन की सुरक्षा को लेकर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

#### दीवार को ऊंचा उठाने के निर्देश

सोमवार को सेशन जज डीआर चालिया, डीसी साहिल गुप्ता और एसएसपी सुमित कुमार ने भिवानी कोर्ट कॉम्प्लेक्स व लघु सचिवालय परिसर का दौरा किया और यहां पर करवाई जा रही कड़ी सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान बार के प्रधान संदीप तंवर, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता सुरेंद्र दलाल व कार्यकारी अभियंता लोकेश डागर भी साथ रहे। उन्होंने यहां पर दीवार को ऊंचा उठाने के निर्माण कार्य, आपातकालीन गेट और पुलिस द्वारा गहना की जा रही जांच, बेरीगेटिंग निरीक्षण का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए।



**भिवानी।** शिव संदेश सद्भावना कलश शोभायात्रा निकालते बीके भाई बहन।

## संयमित जीवन जीने की कला सिखाता मेडिटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आपसी संबंधों को मजबूत बनाने व तनाव मुक्त, खुशहाल जीवन के लिए परमात्मा शिव की दिव्य शिक्षाएं रामबाण औषधि का काम करती है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में आयोजित शिव संदेश सद्भावना कलश शोभायात्रा में सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए। शोभायात्रा द्वारा झोझूकलां कस्बे के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी आपसी रिश्तों और भाईचारे की भावना व सामाजिक मूल्यों को मजबूत बनाने के लिए परमपिता परमात्मा शिव का दिव्य संदेश दिया।

प्रोफेसर रविंद्र व रेड रोज स्कूल प्रबंधक बुलकेश बादल ने कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों से ही हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्था की शिक्षाएं पारिवारिक संबंधों को मजबूत बना समाज को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने कार्य कर रही हैं। ब्रह्माकुमारी नीलम व रितु बहन ने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में कुछ पल राजयोग मेडिटेशन के लिए निकालने चाहिए मेडिटेशन हमें संयमित व संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है। समाजसेवी योगवीर सांगवान व डॉ. विनय सांगवान ने कहा कि तनावपूर्ण माहौल में शिव संदेश सद्भावना यात्रा द्वारा समाज में अवश्य ही सकारात्मक परिवर्तन आएगा। घर परिवार व समाज में सुख शांति व समृद्धि की स्थापना अध्यात्म के बल पर ही संभव है।

#### सद्भावना सीखें

उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि बहनों की त्याग तपस्या और सेवा से समाज में एकता व सद्भावना अवश्य ही आएगी। शोभायात्रा में झोझू थाना प्रभारी दिलबाग सिंह व पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा।

## बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

### *लिटिल हार्टस स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

लिटिल हार्टस स्कूल के यूकेजी कक्षा के नन्हे मुन्हे बच्चों का हालुवास गेट स्थित लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल के कैंपस में लिटिल वंडर कार्निवल समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि वैश्य महाविद्यालय के डॉ. संजय गोयल ने शिरकत की। वहीं प्रदूषण नियंत्रण विभाग के एसडीओ डॉ. सतीश, जेई चंचल, हेमन्त सकसेरिया, राजीव जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जज की भूमिका इन्दु शर्मा व डॉ. कुसुम लता ने निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन से की तथा कक्षा चार के विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर ऐसे आयोजन करवाये जाते है, जिससे विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास हो सके व उनमें स्टेज कोन्फिडेन्स व प्रतियोगिता की भावना पैदा हो सके।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्राचार्य दीपक जोशी, उपप्राचार्य मनमोहन चावला, प्राचार्या वीना सेठ, कोर्डिनेटर ज्योति, गीता, सुमन, नेहा, मीनाक्षी सिंह आदि मौजूद थे।

## समाधान शिविर की शिकायतें लंबित न रहें

### *प्राथमिकता के आधार पर करें निपटारा: डीसी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



जिले के सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी माध्यम से प्रशासन को प्राप्त होने वाली जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार समाधान हो और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। जिला के अधिकारी स्वयं शिविर में मौजूद रहें। अगर शिकायतें लंबित पड़ी हैं तो बैठकों का कोई फायदा नहीं है। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल सोमवार को समधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने लंबित शिकायतों पर आपत्ति जजाते हुए कहा कि जब तक शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही नहीं होती है तब तक बेठकों का कोई फायदा नहीं है। जिला के सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रशासन को किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली जनता की प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता से हो। शिकायतों के समाधान में ढिलाई किसी भी हाल में सहन नहीं होगी। जिला अधिकारी स्वयं समाधान शिविर में मौजूद रहें और अपने विभाग की शिकायतों को लेकर शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना भी है।

#### मॉनिटरिंग की जा रही

इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे मिलकर अपनी समस्या का निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं हर शुक्रवार को सीएम कार्यालय से उच्च अधिकारियों के द्वारा समीक्षा बैठक की जाती है। जिला के सभी अधिकारी सरकार की मंशा के अनूरूप ही कार्य करें।

## होनहार विद्यार्थी समाज का चमकता सितारा होता: फौगाट



**चरखी दादरी।** एचडी विद्यालय बिरोहड़ द्वारा 1 फरवरी को आयोजित मेगा स्कॉलरशिप परीक्षा में विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। युकेजी कक्षा से इकांशा, प्रथम कक्षा से मिताशी, वाणी, मोक्षिका, द्वितीय कक्षा से सावी, माही, प्रिंस, तृतीय कक्षा से लक्षिका, हर्ष, कुंज, चतुर्थ कक्षा से नक्श, श्रष्ठि, दक्षित, पांचवी कक्षा से कृष्ठि, अनुभव, मोहीत, छठी कक्षा से हर्ष, तनिषा, अमन, सातवीं कक्षा से चेतना, सान्वी, खुशी, आठवीं कक्षा से विवेक, हर्ष, जयदीप, नौवीं कक्षा से दिव्या, तुषार, प्रेरणा, एवं दसवीं कक्षा से अंकिता, नैना, निखिल आदि ने अपने-अपने अनुभाग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा में एचडी द्वारा प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे 47 विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से एचडी बिरोहड़ के निदेशक श्री बलराज फौगाट ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि होनहार विद्यार्थी किसी एक विशेष विद्यालय का नहीं होता बल्कि वह समस्त समाज का चमकता सितारा होता है और ऐसे होनहार विद्यार्थियों के लिए एचडी विद्यालय के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

## छात्राओं को कानून की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करती एडवोकेट शीला तंवर।

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद ने की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण उनके अधिकारों एवं कानूनों की जानकारी से ही संभव है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता एडवोकेट डॉ. शीला तंवर ने छात्राओं को सुरक्षित एवं अधिकारिक जीवन शैली के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

#### जिम्मेदारी की भावना विकसित करें

उन्होंने बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, साइबर अपराध, यौन उत्पीड़न एवं महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी सरल एवं प्रभावी भाषा में दी। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रोफेसर मोनिका ने बताया कि एक्सटेंशन लेक्चर छात्राओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर राजेश लांग्यान, डॉ. रेणुबाला, डॉ. मंजू, शर्मिला, डॉ. ज्योति, डॉ. भामा, डॉ. मंजू आदि उपस्थित रहे।

## समाधान कर शिकायतकर्ता को दें जानकारी : डीडीपीओ

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर आयोजित हुआ। समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या के समाधान पर नागरिकों को सही जानकारी दें ताकि उनको बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। समाधान शिविर में कॉमरेड ओमप्रकाश ने चौ. बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में ओपीडी फिर से शुरु करवाने, सामान्य अस्पताल की लिफ्ट ठीक करवाने, किशन लाल जालान अस्पताल में दो वर्ष से खराब पड़ी आंख से जाला हटाने की मशीन ठीक करवाने, अल्ट्रासाउंड मशीनों की संख्या बढ़वाने व बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक व जरूरी स्टाफ नियुक्त करवाने की समस्या रखी। पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने किसानों की जमीन का इंतकाल, जमाबंदी व बदर बनवाने पर ज्यादा रूपए वसूलने के खिलाफ कार्रवाई करवाने बारे की समस्या रखी। गैर सरकारी सदस्य सुनील ने पुराना बस स्टैंड के पास कुम्हारों वाले मोहल्ला में पेयजल आपूर्ति करवाने व हांसी गेट से देवसर चुंगी तक रोड़ के बीच ग्रील लगवाने, सीएम विंडो एमीनेंट पर्सन अनिल सोलंकी ने हनुमान ढ़ाणी रोड़ पर बने गड्ढों में कंक्रीट से दुरूस्त करवाने, गांव धनाना निवासी राम कुमार ने पंचायत को मिले ट्रैक्टर को चलाने के लिए ड्राइवर नियुक्त करवाने, गांव बवानी खेड़ा निवासी निखिल ने आधार कार्ड अपडेट करवाने व दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने की शिकायत रखी।

## पानी का संरक्षण करना जरूरी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखी दादरी ।** जल शक्ति अभियान की समीक्षा करते उपायुक्त ।

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि पानी जैसे प्राकृतिक संसाधन हमारे लिए उपहार नहीं हैं, बल्कि अगली पीढ़ी तक पहुचाने के लिए हमारे उपर ऋण है। इन संसाधनों का अंधाधुंध प्रयोग खतरनाक हो सकता है। ऐसे में सभी को पानी को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। उपायुक्त सोमवार को अपने कार्यालय में जल शक्ति अभियान के तहत जल संचय जन भागीदारी से जन जागरूकता की ओर की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें विसासत में पानी जैसे प्राकृतिक संसाधन मिलें हैं लेकिन ये हमारे लिए उपहार ना होकर ऋण की तरह हैं, जिसे हमे अगली पीढ़ी को लौटाना है। उन्होंने कहा कि पानी कें बिना जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। फिर भी हर ओर पानी का दोहन किया जा रहा है। जोकि किसी भी हाल में सही नहीं है। ऐसे में सभी को मिलकर पानी को बचाने के लिए आगे आना होगा और प्रत्येक विकल्प पर काम करना होगा।उन्होंने निर्देश दिए कि जलशक्ति अभियान के अंतर्गत संबंधित विभागों द्वारा किया गया काम पोर्टल पर अपलोड किया जाए। अधिकतर विभागों द्वारा अभी तक जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की रिपोर्ट नहीं भेजी गई है। सभी विभागाध्यक्ष रिपोर्ट भी पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संग्रहण के लिए सरकारी स्कूलों के भवन पहरसरों में सोखते गड्ढे खुदवाकर उनकी फोटो पोर्टल पर अपलोड की जाए। पंचायत विभाग भी गांवों में सोखते गड्ढे खुदवाएं तथा ग्रामीणों को अपने घर के आगे भी वेस्ट पानी के लिए सोखता गड्ढा खोदने के लिए प्रेरित करें। आम लोगों को भी बारिश का पानी इक्_ करने करने के लिए जागरूक किया जाए। जिला के झोझू, दादरी, बौंद और बाढड़ा हर खंड के सरकारी भवनों व स्कूल भवनों में वर्षा जल संरक्षण के लिए वाटर टैंक बनवाएं।

#### वाटर टैंक बनवाएं

उपायुक्त कहा कि वाटर टैंक के पानी को बागवानी या सफाई के कार्य में बाद में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा जिला की पहाड़ियों में बारिश का पानी जमा करने के लिए विशेष तौर पर बांध बनाए जाएं। उन्होंने आम नागरिकों से भी जलसंरक्षण के लिए जलशक्ति अभियान में भागीदारी करने की अपील की है।

### जनसंघर्ष समिति ने नागरिक अस्पताल व जालान आंखों का अस्पताल की उठाई समस्याएं

# चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में खराब लिफ्टों व पुनः ओपीडी चालू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** समाधान शिविर में शिकायत करने जाते जनसंघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

जनसघंर्ष समिति ने सेठ किशनलाल जालान आखों का अस्पताल, चौधरी बंसीलाल अस्पताल, नागरिक अस्पताल व पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज में मरीजों को आ रही समस्याएं समाधान शिविर में उठाई। समिति का प्रतिनिधिमंडल समिति संयोजक कामरेड ओमप्रकाश के नेतृत्व में समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को समाधान शिविर में पहुंचा। कामरेड ओमप्रकाश ने शिविर में बताया कि सरकारी आंखों के जालान अस्पताल में सफेद मोतिया के ऑपरेशन के बाद जाला (पीसीओ) साफ करने की डेढ़ वर्ष से खराब पड़ी याग लेजर मशीन ठीक करवाई जाए, ताकि मरीजों को रोहतक रैफर न किया जाए।

उन्होंने बताया कि चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में खराब पड़ी चारों लिफ्टों को शीघ्र लगवाया जाए, नागरिक अस्पताल में पहले की तरह ओपीडी चालू करवाई जाए, नागरिक अस्पताल व पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कालेज में तीन अल्ट्रासांउड के डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं तथा मेडिकल कॉलेज में अलग-अलग बीमारियों के आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक व जरूरी स्टाफ उपलब्ध करवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि दोनों अस्पतालों व मेडिकल कालेज में प्रतिदिन 1500 से 2000 मरीज आते हैं और सरकार द्वारा करोड़ों रुपये लगाकर मरीजों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं, ये हमारे लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपेक्षा कर रही है।

#### समाधान का दिया आश्वासन

शिविर में अधिकारियों ने तत्पतरता से उपरोक्त समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि जनता को न्याय नहीं मिला तो उन्हें बड़ा प्रदर्शन एवं आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा और 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भी वे इन अस्पतालों की दयनीय स्थिति को उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में महेन्द्र तंवर, महेंद्र प्रजापति, नरेश शर्मा, कंवर जांगड़ा, महाबीर फौजी व अभिषेक शर्मा आदि शामिल रहे।

## अधूरी तैयारी से शुरू की गई ट्रैफिक लाइटों की बत्ती गुल

**70 लाख की लागत से 5 चौराहों पर लगी थी ट्रैफिक लाइट**

# सालभर पहले लगी लाइट बनी कबाड़, वाहन बेलगाम





### बेलगाम यातायात व्यवस्था

शहर की यातायात व्यवस्था मैनुअल तरीके से चल रही है। सुबह और शाम पुलिसकर्मी चौक-चौराहों पर खड़े होकर ट्रैफिक नियंत्रित करते हैं। यदि किसी कारणवश पुलिस जवान मौके पर मौजूद न हों, तो कई जगहों पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो जाती है। मगर ट्रैफिक पुलिस इसके प्रति गंभीर नहीं है। एक साल बाद भी लाइट सुचारु काम नहीं कर रही।

### ट्रैफिक पुलिस गंभीर नहीं

नप पार्षद जयसिंह लाम्बा ने कहा कि नगर परिषद ने लाखों रुपये ट्रैफिक लाइट पर खर्च किए थे। ताकि आम जनता और वाहन चालकों को राहत मिले। नप परिषद ने ट्रैफिक लाइट स्थापित कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया था, उसके बाद संचालन का दायित्व ट्रैफिक पुलिस का है।

### दो दिन में चालू हो जाएंगी लाइटें

ट्रैफिक पुलिस थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि बंद ट्रैफिक लाइट दो दिन में चालू हो जाएंगी। वरिष्ठ अधिकारियों को मीटिंग में अवगत करवा दिया गया है। जब तक चौराहों और व्यस्त मार्गों पर यातायात कंट्रोल के लिए पुलिस की तैनाती की गई है। उम्मीद है कि जल्द ट्रैफिक लाइट शुरू हो जाएगी।

### हादसे होने का बना खतरा


शहर के चौराहों से हर रोज हजारों वाहन गुजरते हैं। निर्माण सामग्री लोड कर निकलने वाला वाहन ओवरलोड होता है। ट्रैफिक लाइट लगने के बाद जाम व हादसों में कमी आई थी, मगर अब लोड ट्रक और डंपर जल्दी क्रॉस करने का प्रयास करते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है।

### पांच जगह लगीं ट्रैफिक लाइटें

शहर में रावलधी-भिवानी लिंक मार्ग, रावलधी चौक, लोहारू चौक और चिड़िया मोड़ और समसपुर टी-प्वाइंट पर ट्रैफिक लाइट लगाई गई है। ये शहर के सबसे व्यस्त चौक हैं। यहां से पहाड़ी क्षेत्र से निर्माण सामग्री लोड कर ट्रक व डंपर निकलते हैं। बावजूद इसके, ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम का लाभ आमजन को नहीं मिल पा रहा है। यदि कभी लाइटों को चालू करने का प्रयास भी किया गया, तो वाहन चालकों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह खड़ी हो गई कि वाहन कहां रोके जाएं, क्योंकि किसी भी चौक पर जेब्रा क्रॉसिंग या स्टॉप लाइन नहीं बनाई गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी शहर में वाहनों को कंट्रोल करने के लिए नगर परिषद ने लाखों की लागत से शहर के चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाई थी। मगर दो महीनों से लाइट बंद हैं, जिसके बाद से एक बार फिर यातायात व्यवस्था बेलगाम हो गई है। नप ने अधूरी तैयारी के साथ लाइटों को चालू कर ट्रैफिक पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। ट्रैफिक लाइट लगने के बाद बेलगाम यातायात व्यवस्था पटरी पर लौटी थी। पिछले दो महीनों से ट्रैफिक लाइट पूर्ण रूप से बंद हैं। जिसके बाद से शहर व मुख्य चौराहों पर जाम के हालात बने हुए हैं।



बाढड़ा। किसान महापंचायत के बाद सभी किसानों ने मंडी से लेकर उपमंडल कार्यालय पहुंच कर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेजा। फोटो : हरिभूमि

**सरकार को किसानों के हितों से सौदेबाजी भारी पड़ेगी: चढूनी**

# किसान विरोधी नीतियों के विरोध में गरजे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा।

कस्बे की अनाज मंडी में किसान महापंचायत आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन छल्लूराम भोपाली ने की। इस दौरान किसान नेताओं ने किसानों व कृषि की मौजूदा स्थिति पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए अमेरिकी ट्रेड डील को तुरंत रद्द करने की मांग की। सभी वक्ताओं ने सरकार पर खेतीबाड़ी व्यवस्था पर बढ़ती पूंजीपतियों नीति व महंगी होती शिक्षा, चिकित्सा वापस लेने की मांग की। इसके बाद मुख्यमंत्री व प्रधान मंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। कस्बे की अनाज मंडी में भारतीय किसान यूनियन द्वारा आयोजित किसान महांपचायत में पूर्व चेयरमैन छेलूराम भोपाली की अध्यक्षता में संचालित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि आज चिकित्सा व शिक्षा पर पूंजीपतियों का दबदबा बढ़ रहा है और अब सबकी नजरें केवल कृषि भूमि पर टिकी हैं। अमेरिकी ट्रेड डील के नाम पर किसानों, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है लेकिन हमारी खेतीबाड़ी व बाजार पर विदेशी कंपनियों को बढ़ावा दिया है जा रहा है जिससे जल्द ही देश आर्थिक संकट व बेरोजगारी से भुखमरी की जगह पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के नौ लोगों के पास देश के पचास करोड लोगो का पैसा है। देश के एक प्रतिशत लोगों केपास 40 प्रतिशत देश की संपति है ,वही 72 हजार बुजुर्गों बुढापा पेंशन काट दी गई है। एमएसपी का चार लाख करोड रूपये काट लिया गया है पाच हजार करोड का घोटाला हरियाणा में हुआ है। अमेरिका में 87 प्रतिशत सबसीडी दी जाती है। आबादी के हिसाब से चौथे स्थान पर है।

### बार बार परीक्षाएं देने के बाद भी नौकरी की स्थाई की गारंटी नहीं

किसान नेत्री ममता कादयान ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देने के लिए बार बार परीक्षाएं देने के बाद भी नौकरी की स्थाई की गारंटी नहीं है वहीं अब बुजर्ग किसानों व माताओं की पेंशन को काटा जा रहा है। युवा कल्याण संगठन सरपंक्षक कमल प्रधान व किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कंवीनर राजू मान ने कहा कि अब देश के युवा को देश बचाने के लिए आगे आना चाहिए। जिस प्रकार तीन कानूनों को वापस लेने के लिए सब एकजुट हुए वहीं स्थिति फिर तैयार करनी होगी।



■ विधायक कपूर वाल्मीकि ने कहा व्यापारी एवं उद्योग में होगा फायदा

## विधायक कपूर ने केंद्रीय बजट 2026 को जमकर सराहा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित अनाज मंडी में केन्द्रीय बजट 2026 पर व्यापारी एवं उद्योग संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि विधायक कपूर वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक विशिष्ट अतिथियों में नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्किट कमेटी प्रधान राजू हंस, जगदंबा महता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अनेज व्यापारी, आढ़ती सहित आमजन उपस्थित रहे। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि बजट सभी के लिए सपने साकार वाला बजट प्रस्तुत किया गया है जो निम्न से लेकर उच्च तक के हित में हैं। उन्होंने व्यापारियों व उद्यमियों से विस्तृत चर्चा पर इससे मिलने वाले प्रोत्साहन एवं रोजगार सृजन पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री की सोच को जमकर सराहा और बताया कि ये बजट देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, छोटे व्यापारियों एवं युवाओं के लिए नई ऊर्जा प्रदान करने वाला है। वहीं जिलाध्यक्ष वीरेनद्र कौशिक ने बताया कि ये बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत दिशा प्रदान करेगा। वहीं पूर्व नपा पार्षद प्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल प्रधान जगदंबा महता ने बताया कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता है जो भारत का डंका विदेशों तक बजता है। ये बजट सभी के लिए सुखद साबित हुआ है। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्किट कमेटी प्रधान राजू हंस ने भी बजट को जमकर सराहा।

## हड़ताल को लेकर तोशाम में आंगनवाड़ी हेल्पर व वर्कर की बैठक आयोजित

**भिवानी।** सोमवार को सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारीयों के मार्गदर्शन में स्थानीय शहीद पार्क में तोशाम की आंगनवाड़ी हेल्पर व वर्करो की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी 12 फरवरी को होने वाली सर्वव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेने के लिए आयोजित हुई। इस दौरान कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों ने एक सुर में कहा कि कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को सरकार दरकिनार कर रही है और उनकी मांगों को मानने के लिए तैयार नहीं है। इसी के विरोधस्वरूप आगामी 12 फरवरी को सर्वव्यापी हड़ताल की जाएगी जिसमें सभी कर्मचारी भाग लेंगे और पूरे देश में इस व्यापक हड़ताल का असर देखने को मिलेगा। उनका कहना था कि या तो सरकार कर्मचारियों की सभी मांगों को मान ले अन्यथा कर्मचारियों का यह विरोध काफी घातक साबित होगा।

# हलवासिया विद्या विहार में मनाया संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की परंपरा के अनुसार वैदिक हवन-यज्ञ हुआ जिसमें वैदिक पुरोहित दुर्गदेव शास्त्री ने विधिवत अनुष्ठान संपन्न करवाया।तत्पश्चात दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संगीताचार्य गोविंद प्रताप मिश्रा की देख-रेख में प्रार्थना 'या कुन्देन्दु तुषारहार धवला गायी गई ।कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तन्नु द्वारा बुलंद आवाज में भाषण प्रस्तुत किया गया। नेहा और पूर्णिमा ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।तदुपरांत कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने स्किट के माध्यम से कक्षा की स्मृतियों को दोहराया।कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तन्नु ,खुशबू व चारु ने एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा साक्षी ने अपने सुमधुर स्वर में कविता की प्रस्तुति दी। इसी क्रम में कक्षा बारहवीं के छात्र अभिनव ने वेलकम स्पीच दी। कक्षा बारहवीं की छात्रा देवांशी ने अमूल्य अनुभवों को सांझा करते हुए विद्यालय प्रशासन व अपने अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जोरदार भाषण प्रस्तुत किया। छात्रा नैना द्वारा विद्यालय की स्मृतियों को भावनात्मक रूप कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया।छात्रा वैशाली ने अपनी दमदार आवाज में विशेष रूप से कॉमर्स संकाय के शिक्षकों के लिए भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने बैलून गेम के माध्यम से कार्यक्रम को और भी रोमांचक बना दिया।छात्रा तांशी ने हरियाणवी भाषा में भाषण देते हुए सभी में जोश भर दिया। छात्र सागर ने हरियाणवी में एक शानदार रागिनी की प्रस्तुति दी। छात्रा जानवी, मानसी, गरिमा व निधि ने शानदार पंजाबी नृत्य की प्रस्तुति दी।अपने विद्यालय के अनुभवों को याद करते हुए छात्रों ने बताया कि-विद्यालय की मधुर स्मृतियाँ, संस्कार, आचार ,व्यवहार तथा विद्यालय में लिए गए समाज कल्याण के संकल्पों को वें ताउम्र सहेज कर रखेंगे तथा विद्यालय में सीखे गए आदर्शों को अपने जीवन में लागू करेंगे। प्रशासक डॉ० शमशेर सिंह अहलावत ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें संदेश दिया कि छात्रों ने शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय से संस्कार भी सीखे हैं।इसलिए विद्यालय के दिए गए संस्कारों पर चलते हुए अपने माता-पिता तथा शिक्षकों के सपनों को साकार करें तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं अपने मार्गदर्शक बने।



भिवानी। शिक्षकों के साथ प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ें: आर्य

प्राचार्य विमलेश आर्य ने सभी छात्रों को उनके लक्ष्य की प्राप्ति की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि भविष्य में वह दृढ़ निश्चयी रहें। गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़े। छोटी-छोटी असफलताओं से न घबराते हुए आने वाली हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। हर क्षेत्र में उन्हें कामयाबी प्राप्त हो। दूसरों के प्रति दयालु रहकर नेक इंसान बनने का परिचय दें।कार्यक्रम के सफल आयोजन में आचार्या गरिमा शर्मा, रितु शर्मा, कुमारी किरण, बिजयलक्ष्मी, सोनिया, कोमल सोनी, रेखा ठाकुर व आचार्य मनोज शर्मा का विशेष योगदान रहा।। छात्रा नियति ,प्रिया, तन्वी वशिष्ठ एवं देवांशी वशिष्ठ द्वारा सफल मंच संचालन किया गया। साथ ही अंशुल भारद्वाज, यशदीप व यश सांगवान का विशेष योगदान रहा। अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों को सही रणनीति के साथ तनाव रहित परीक्षा देने की शुभकामनाएँ दी गई। विद्यार्थियों के द्वारा मैशअप गीतों पर सुंदर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ, विभाग प्रमुख अलेक्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार, सुवीरा गर्ग , वीणा पाणी मेहता ,आचार्य सूरजभान लांबा, सुभाष गिल,मनोज शर्मा ,नरेश मेहता, पुनीत परुथी , सव्य सचिन सचिन भारद्वाज तथा आचार्या कविता तंवर, मोनिका मेहता, किरण मखीजा, पूनम तंवर, रितु, ज्योति एवं अन्य समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## ढ़ाणीमाहू में कैंसर पीड़ितों की मदद को शिविर में 81 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



सोमवार को गांव ढाणीमाहु में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। श्रीराधा कृष्ण गौशाला परिसर में दूसरे विशाल शिविर में रक्तदाताओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढकर अपनी भागीदारी कर 81 ने रक्तदान किया। शिविर आयोजक रविंद्र सिंह और भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर विशेष रूप से कैंसर पीड़ितों की रक्त संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। रक्त एकत्रित करने के लिए एम्स बाढ़सा से डॉ. अवन्ना की देखरेख में विशेषज्ञों और चिकित्सकों की एक विशेष टीम पहुंची। वहीं शिविर अध्यक्षता शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने की। डूडेजा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, आपका दिया हुआ एक यूनिट रक्त किसी परिवार का चिराग बुझने से बचा सकता है, खासकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में रक्त की उपलब्धता समय पर होना अनिवार्य है। गौशाला के प्रधान बिजेंद्र सिंह व सरपंच रणबीर सिंह ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की और युवाओं के लिए एक मिसाल पेश की।

## हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने पंच परिवर्तन एवं सामाजिक एकता पर दिया जोर



**भिवानी।** केएम हाई स्कूल में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन चंद्रगुप्त बस्ती की श्रीकृष्ण हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति ने आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रभान सैनी रहे। उनके मार्गदर्शन में सम्मेलन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप शेखावत ने सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की आरती और सामूहिक वंदे मातरम के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति एवं श्रद्धाभाव देखने को मिला। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने सामाजिक संदेश से जुड़े नाटक नशामुक्ति, पर्यावरण, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, देशभक्ति का मंचन किया और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से केएम हाई स्कूल जैन चौक, मेगा माइंड्स किड्स स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। मुख्यतिथि नरेश आहूजा ने कहा कि हिंदू समाज की एकता, संस्कार व संगठन ही देश की सबसे बड़ी ताकत हैं।

## स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



जीडीसी मेमोरियल कॉलेज बहल की एनएसएस इकाई द्वारा गांव सुधीवास में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन नौ फरवरी को स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध सामाजिक चिंतक सचिन एवं राकेश ने स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने, स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर संबोधित किया। उन्होंने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गांव में स्वच्छता रैली निकाली, जिससे स्वच्छता एवं स्वदेशी के प्रति जागरूकता फैलाई गई। साथ ही स्वयंसेवकों ने मंदिर में सफाई अभियान चलाया, जिसमें सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम को ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग एवं उत्साहपूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप



### हड़ताल को लेकर तोशाम में आंगनवाड़ी हेल्पर व वर्कर की बैठक में बनाई आगे की रणनीति

**तोशाम।** सोमवार को सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारीयों के मार्गदर्शन में स्थानीय शहीद पार्क में तोशाम की आंगनवाड़ी हेल्पर व वर्करो की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी 12 फरवरी को होने वाली सर्वव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेने के लिए आयोजित हुई। इस दौरान कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हुए उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों ने एक सुर में कहा कि कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को सरकार दरकिनार कर रही है और उनकी मांगों को मानने के लिए तैयार नहीं है। इसी के विरोधस्वरूप आगामी 12 फरवरी को सर्वव्यापी हड़ताल की जाएगी जिसमें सभी कर्मचारी भाग लेंगे और पूरे देश में इस व्यापक हड़ताल का असर देखने को मिलेगा। उनका कहना था कि या तो सरकार कर्मचारियों की सभी मांगों को मान ले अन्यथा कर्मचारियों का यह विरोध काफी घातक साबित होगा। इस मौके पर मौजूद सभी आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने सर्वव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए 12 फरवरी को हड़ताल में पूरी तरह से शामिल होने का आश्वासन दिया।

### राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार

**बाढड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के दिशा - निर्देशन में व आयोजक डा. अनिल कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक स पन्न कराया गया। इस सेमिनार में महाविद्यालय पत्रिका स्वरांजलि का विमोचन उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से संयुक्त निदेशक डा. अल्का शर्मा व चौ बसीलाल विश्वविद्यालय से कुलपति दीप्ति धर्मानी के कर कमलों से किया गया व इसके साथ ही बाढड़ा क्षेत्र की पावन धरती पर स्थापित महविद्यालय के लिए एक कुल गीत भी इसी सुनहरे अवसर पर प्रस्तुत किया गया । यह कुलगीत मिस अनिता के नेतृत्व में महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा तैयार किया व इस कुलगीत को सेमिनार में उपस्थित सभी मु य वक्ताओं, प्राचार्यगणों व शोधार्थियों द्वारा श्रेष्ठ व सराहनीय बताया गया।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में 72 शिक्षुओं का चयन

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला आयोजित किया गया। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर कुल 72 शिक्षुओं का चयन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में यह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता का आयोजन किया गया है। इस मेले में युवाओं को विभिन्न कंपनियों में शिक्षुता के अवसर प्रदान किए गए हैं। शिक्षुता से आईटीआई पास युवाओं में व्यावसायिक कौशल बढेंगा और करियर के अवसर मिलेंगे। इस मेले के माध्यम से युवाओं को उद्योगों में काम करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जो उनके भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी चयनित प्राथ्र्ायों को शुभकामना देते हुए कहा कि कंपनियों में काम करने से कौशल विकसित होगा और भविष्य में बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, आईटीआई स्टाफ व अनेक युवा मौजूद थे।

**निरीक्षण** जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर ने विभिन्न स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

# डीपीसी ने तनावमुक्त परीक्षा देने के लिए दिए टिप्स

- स्कूल प्राचार्यो को डीपीसी ने दिए निर्देश, बच्चों के लिए बाथरूम की जरूरत पर भेजे डिमांड
- बच्चों को मोटिवेट व परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के भी दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर ने सोमवार को गांव लोहारी जाटू के सेठ हरनामदास राजकीय वमा विद्यालय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा गांव प्रेमनगर के राजकीय उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीपीसी तंवर ने औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल की भौतिक, शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कक्षाओं को चैक किया। इस दौरान डीपीसी तंवर ने बच्चों को परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए मोटिवेट किया और उन्हें टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे और उन्हें तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की बात कही। जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर सुबह गांव प्रेमनगर के राजकीय उच्च विद्यालय में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण की भनक लगते ही सरपंच राजेश कुमार और शिक्षा समिति प्रेमनगर के संयोजक पूर्व प्राचार्य रमेशचंद्र बूरा भी पहुंचे और उन्होंने डीपीसी तंवर का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। डीपीसी ने बच्चों को परीक्षाओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए मोटिवेट किया और शिक्षकों को भी उन्हें मोटिवेट करने व उनकी शिक्षा संबंधी परेशानियों, शंका एवं मन की दुविधाओं को दूर करने का आह्वान किया।



भिवानी। गांव प्रेमनगर के हाई स्कूल के कक्षा कक्ष में बच्चों से बातचीत व कक्षा का निरीक्षण करते जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर। फोटो : हरिभूमि

### अधिगम स्तर जानने को विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे

स्कूल के औचक निरीक्षण के दौरान डीपीसी तंवर ने कक्षाओं को चैक किया और अधिगम स्तर जानने के लिए विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मोटिवेट किया और तनावमुक्त परीक्षा देने के लिए टिप्स दिए। इसके बाद शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की प्रयोगशालाओं व मध्यान भोजन व्यवस्था का जांचा। डीपीसी ने विद्यालय में दर्शाई गई नई शिक्षा नीति, सुपर-100, निपुण भारत, मिशन बुनियाद, गणित, ओलंपियाड आदि योजनाओं की पेंटिंग की सराहना की और स्कूल स्टाफ व शिक्षा समिति को बधाई दी। इसके बाद डीपीसी तंवर लोहारी जाटू के सेठ हरनामदास राजकीय वमा विद्यालय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। उन्होंने स्कूल भवन व कक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्यो को निर्देश दिए कि बच्चों के लिए बाथरूम जरूरत हो तो उनके पास डिमांड भेजे, ताकि वे उसका एस्टीमेट बनवाकर उच्चाधिकारियों को भेजकर उन्हें पूरी करवाने का काम करें।